



# जौरा में मूसलाधार से सड़कें जलमग्न, मुरैना में हुई हल्की बारिश

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 26 जुलाई।** अंचल पर मानसून पूरी तरह से मेहरबान है। शनिवार को जिला मुख्यालय पर सुबह से तेज धूप खिली, जिससे लोग गर्मी व उमस से बेहाल हो गए। लेकिन शाम 5.30 बजे अचानक काली घटाएं छा गईं। पहले तेज हवा चलीए उसके बाद 10 से 15 मिनट तक बौछारें गिरीं, जिससे लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिल गई। इधर जौरा कस्बे में शनिवार को शाम 5.30 बजे तेज बारिश हुई, जिससे शहर की सड़कों पर पानी भर गया।

**गेट खुलने से पगारा में दो फीट कम हुआ जलस्तर**

यहां बता दें कि जिलेभर में इस सीजन में अभी तक 614 मिमी बारिश हो चुकी है, जो पिछले बार से 350 मिमी से अधिक है। जबकि पिछले साल इसी सीजन तक मात्र 289 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। यहां बता दें कि जिले की औसत बारिश का आंकड़ा 706.9 मिमी है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस बार अंचल में बारिश का आंकड़ा बढ़कर 900 मिमी तक पहुंच सकता है।

इधर जौरा कस्बे में 2 दिन में हुई 100 मिमी बारिश से पगारा बांध के सभी छह ऑटोमेटिक गेट खुल गए थे, जिनसे 17 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो रहा था। शनिवार को पगारा का जलस्तर 656 फीट से घटकर 654.90 फीट रह गया।

**जिले में अब तक 614.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज**

**मुरैना, 26 जुलाई।** मुरैना जिले में 01 जून से 26 जुलाई तक 614०6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई हैए जो गत वर्ष की तुलना में 329.2 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 285.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 1 जून से 26 जुलाई तक सर्वाधिक वर्षा मुरैना में 779.2 मिलीमीटर दर्ज की गई है। सबलगढ़ में 683, पोरसा में 678, जौरा में 651, कैलारस में 490 और अंबाह तहसील में सबसे कम 406.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 26 जुलाई को सर्वाधिक जौरा में 38 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। मुरैना में 36.6, कैलारस में 36, पोरसा में 24, अम्बाह में 8.6 और सबलगढ़ में 7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# कैलारस में लगातार बारिश से मकान ढहा, हादसा टला

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 26 जुलाई।** अंचल में लगातार हो रही बारिश से कस्बे के बार्ड क्रमांक-1 में कल देर रात हुई तेज बारिश से एक मकान गिर गया। मकान मालिक अंकित बाल्मीक ने बताया कि लगातार बारिश से मकान की एक दीवार और छत गिर गई। जिसकी वजह से एक लाख रुपए कीमत का गृहस्थी का पूरा सामान भी बेकार हो गया।

**कस्बे में दर्जनभर से अधिक मकान जर्जर हालत में**

घटना के वक्त गृहस्वामी अपने दूसरे मकान में सो रहे थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। नगर परिषद कैलारस के पार्षद वीरू सोलंकी ने बताया कि वार्ड में कई मकान और भी हैं, जो जर्जर स्थिति में है। जिसकी सूची बनाकर हमने नगर परिषद को सौंप दी है लेकिन अभी तक उन लोगों के लिए कोई इंतजाम नहीं हो सका। इधर घर गिरने की सूचना तहसीलदार नरेश शर्मा ने हल्का पटवारी सुरेंद्र मीणा को मौके पर भेजकर नुकसान का मूल्यांकन कराया।



## कृषि अधिकारियों ने मृगपुरा पंचायत का किया निरीक्षण

**मुरैना, 26 जुलाई।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिला स्तरीय निरीक्षण दल एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड मुरैना ने गत दिवस सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत मृगपुरा का औचक निरीक्षण किया। सामुदायिक भवन एवं भवन के मुख्य द्वार पर मैसर्स कैलादेवी एग्रो ट्रेडर्स तथा मृगपुरा जिला मुरैना के नाम का बोर्ड एवं बैनर लगे हुये पाये गये। फर्म कैलादेवी एग्रो ट्रेडर्स मृगपुरा के प्रोपराइटर पवन सिंह परमार से दूरभाष पर चर्चा हुई, पवन सिंह परमार ने बताया कि मैं बाहर हूं। पंचायत सचिव शिवराम सिंह परमार से दूरभाष पर चर्चा हुई। उन्होंने दूसरी ग्राम पंचायत इमलिया में होना बताया। इस स्थिति एवं शक के आधार पर सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत मृगपुरा में अवैध रूप से खाद एवं बीज भण्डारण हो सकता है, के आधार पर उपस्थित दल एवं उप संचालक कृषि मुरैना के समक्ष वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड मुरैना द्वारा सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत मृगपुरा तहसील व जिला मुरैना को सील किया गया है।

## जौरा में जाटव समाज का सम्मेलन आज होगा

**मुरैना/जौरा, 26 जुलाई।** कृषि उपज मंडी प्रांगण में जाटव समाज का सम्मेलन रविवार 27 जुलाई को रखा गया है, जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर विचार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार जाटव समाज सुधार समिति द्वारा गांव-गांव जाकर सम्मेलन का प्रचार प्रसार किया गया है। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से मृत्युभोज, जेमा, दहेज, डीजे, नशा जैसी बुराईयों को दूर करने पर चर्चा की जाएगी। समिति संरक्षक रामहेत नेताजी, डॉ. मुरारीलाल अमर, आदिराम नेताजी, सोनाराम आदि ने समाजबंधुओं से सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है।

# किसानों के हित में कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेंगे : उपाध्याय

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 26 जुलाई।** किसानों के साथ अन्याय और अत्याचार कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। किसानों को उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेंगे। यह बात जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने शनिवार को एसडीएम दफ्तर का घेराव कर प्रदर्शन करते हुए कही।

**खाद की किल्लत को लेकर जौरा विधायक ने किया एसडीएम दफ्तर का घेराव, प्रदर्शन**




विधायक श्री उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने यूरिया खाद की किल्लत को लेकर शनिवार को जौरा में तहसील प्रांगण स्थित एसडीएम दफ्तर का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल किसानों को संबोधित करते हुए विधायक श्री उपाध्याय ने कहा कि कालाबाजारी होने के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद के वितरण कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा अपने रिश्तेदारों को खाद बेचा जा रहा है। खाद के लिए गांव से आने वाले किसान घंटों तक लाईन में खड़े रहने के बाद मायूस होकर घर जाने पर मजबूर है।

विधायक उपाध्याय ने कहा कि जौरा क्षेत्र में राशन माफिया के नाम से पहचाने जाने वाले लोगों के रिश्तेदार अब खाद माफिया बन गए है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक महेशदत्त मिश्रा शराब, तेल, खाद माफिया के विरुद्ध जी जान से लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी पर अंकुश लगाकर अगर किसानों को जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराया गया तो विधानसभा सत्र के बाद कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। घेराव एवं प्रदर्शन में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान शामिल हुए।

**कल मुरैना में कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी किसान कांग्रेस**

शनिवार को जौरा में प्रदर्शन किए जाने के बाद कल 28 जुलाई को मप्र किसान कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मुरैना मुख्यालय पर नवीन कलेक्ट्रेट भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया जाएगा। घेराव एवं प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# गुरू को सम्मान मिलने से समाज ऊंचाईयों को छूएगा : बृजेश

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 26 जुलाई।** मप्र शिक्षक संघ की सबलगढ़ इकाई के तत्वावधान में गुरू वंदन कार्यक्रम का आयोजन बीते रोज सांदीपति विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम में बृजेश गौड़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। मप्र शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबरन सिकरवार, श्यामवीर सिंह राठौड़, जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संत बालकदास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

**मप्र शिक्षक संघ का सबलगढ़ में गुरू वंदन कार्यक्रम आयोजित**




कार्यक्रम में संत बालकदास ने कहा कि शिक्षक संघ का यह प्रयास नवयुवकों को सदमार्ग पर ले जाने का कार्य करेगा। मुख्य वक्ता बृजेश गौड़ ने कहा कि शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य गुरू ही करता है। वेद-ग्रंथों में गुरू को भगवान के समान बताया गया है। गुरू-शिष्य की इस परंपरा को वर्तमान युग में लोग भूलते जा रहे है।

उन्होंने कहा कि जब समाज में गुरू का सम्मान होगा तो निश्चित रूप से समाज भी ऊंचाईयों का वरण करेगा। कार्यक्रम को शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में रामअवतार सिंह सिकरवार, ब्रह्मानंद शर्मा, धर्मेन्द्र जादौन, जयकुमार जादौन, जगेन्द्र जादौन, मानिकचंद्र धाकड़ आदि उपस्थित थे। संचालन रणवीर सिंह धाकड़ एवं आभार प्रदर्शन जगेन्द्र जादौन ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य एलएन शर्मा और आरएल बैस के साथ श्रीमती उर्मिला जादौन को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

# तलने में कुकिंग ऑइल का उपयोग दो बार से ज्यादा न करें

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 26 जुलाई।** शहर में नाश्ता की दुकानों पर खाद्य वस्तुओं को तलने के लिए कुकिंग ऑइल का उपयोग दो बार से अधिक न किया जाए। बार-बार ऑइल को गर्म करने से उसमें एसिड वैल्यू, ट्रांस फैट, रेडिकल्स की मात्रा के साथ उसकी पीएएच वैल्यू बढ़ जाती है। ऐसे ऑइल में तले हुए विषाक्त पदार्थों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, पाचन संबंधी बीमारियों होने का खतरा बना रहता है।

यह बातें फूड सेफ्टी ऑफिसर अवनीश गुप्ता, अनिल परिहार, महेन्द्र सिरोहिया ने शनिवार को शहर में 15 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के दौरान संचालकों से कही।




फूड सेफ्टी टीम ने शनिवार को शहर में सुमेर मिष्ठान्न भंडार, अनिल समोसा भंडार, पंजाबी छोले भटूरे, हनी छोले भटूरे, चीनी हलवाई स्टेशन रोड, अग्रवाल स्वीटस, कंचू हलवाई, शिव मिष्ठान्न भंडार, अग्रवाल पूड़ी भंडार, चित्रकूट मिष्ठान्न भंडार, गुरूकृपा मिष्ठान्न भंडार, मुरैना मिष्ठान्न भंडार, बालाजी मिष्ठान्न भंडार और छप्पन भोग मिष्ठान्न भंडार पर पहुंचकर खाद पदार्थों को तलने में उपयोग किए जा रहे कुकिंग ऑइल की फ्राइंग ऑइल टेस्टिंग मॉनीटर की सहायता से जांच की। जांच के दौरान अधिकांश प्रतिष्ठानों पर तलने में उपयोग किए जा रहे कुकिंग ऑइल की एसिड वैल्यू, टीपीएम वैल्यू बढ़ी हुई मिली। प्रतिष्ठान संचालकों को दो बार से अधिक ऑइल का प्रयोग न करने की सलाह दी गई। उन्हें बताया गया कि जले हुए ऑइल को उनके द्वारा बायो डीजल, साबुन, स्नेहक निर्माता कंपनियों को विक्रय किया जा सकता है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी नहीं होगा।

# इमलिया रोड से बरामद हुए चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली



**मुरैना, 26 जुलाई।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र से विगत 21 जुलाई को चोरी हुए ट्रेक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने शनिवार को इमलिया रोड से बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अज्ञात बदमाश 21 जुलाई को इमलिया रोड से ट्रेक्टर क्रं. एमपी07-जेडयू-3059 को चुराकर ले गए थे। पुलिस ने वाहन स्वामी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर ली थी। पतारसी के दौरान पुलिस टीम ने शनिवार को इमलिया रोड पर लावारिस अवस्था में खड़े हुए ट्रेक्टर-ट्रॉली को बरामद कर लिया। कार्रवाई में निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत, एसआई रविप्रताप सिंह गुर्जर, प्र.आर. रविन्द्र कुमार, अवनीश शर्मा, मलखान सिंह, आरक्षक कपिल पचौरी, कमलकिशोर, कुलदीप सिंह, आरक्षक चालक पवन कुमार, सायबर प्रभारी एसआई अभिषेक जादौन शामिल थे।

# पूर्व सैनिकों ने दी करगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि

**मुरैना, 26 जुलाई।** चंबलांचल पूर्व सैनिक संघ के पूर्व सैनिकों ने शनिवार को करगिल विजय दिवस पर शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पूर्व सैनिकों ने शहीदों की आत्म शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया।

इस मौके पर अध्यक्ष दीमान सिंह चौहान ने करगिल युद्ध में कैसे विजय हुईए उसके बारे में बताया। इस मौके पर सभी पूर्व सैनिकों की सहमति से अध्यक्ष दीमान सिंह चौहान को दोबारा 3 साल के लिए चंबलांचल पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस मौके पर दीवान सिंह चौहान, विजय सिंह सिकरवार, राजवीर सिंह सिकरवार, धर्मवीर सिंह सिकरवार, कुलविंदर सिंह सिकरवार, रामवीर तोमर, परिमल सिंह गुर्जर, ज्ञानसिंह सिकरवार, राकेश गोले, जगदीश सिंह, धीरेंद्र सिकरवार, ओमकार सिंह तोमर, अंतराम सिंह सिकरवारआदि पूर्व फौजी मौजूद रहे।



# मां के नाम पर रोपे गए 21 पौधे, मातृ-पितृ वन में हुआ पौधरोपण

**नवभारत न्यूज**
**कैलारस, 26जुलाई।** कैलारस के मातृ-पितृ वन में शनिवार को दोपहर के समय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एक अनोखी पहल के तहत हर पौधा मां के नाम समर्पित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है, बल्कि भावनात्मक रूप से लोगों को उनके माता-पिता से जोड़ना भी है। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद अध्यक्ष अंजना बृजेश बंसल के उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा, देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर आज हमने एक पौधा माँ के नाम लगाया है। इस अवसर पर तहसीलदार नरेश शर्मा ने भी लोगों से अपील की कि तेजी से हो रही पेड़ों की कटाई से पर्यावरण असंतुलित हो गया है, इसलिए हर व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह ने कहा कि मातृ-पितृ वन की स्थापना का उद्देश्य अपने माता-पिता को श्रद्धा अर्पित करते हुए उनके नाम पर पौधरोपण कर, पौधों को पितृ तुल्य मानकर उनका संरक्षण करना है।



यह कार्य भावनात्मक और पर्यावरणीय दोनों दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीएमओ डॉ. एस. आर. मिश्रा ने प्रकृति संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि नगर परिषद द्वारा शुरू की गई मातृ-पितृ वन वास्तव में एक प्रेरणादायक और अनुकरणीय पहल है। हर नागरिक को इसमें भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों की देखभाल अपने परिजनों के समान करेंगे और भविष्य में भी इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देंगे। कार्यक्रम में पीपल, बरगद, अर्जुन, ऊमर जैसे जीवनदायिनी कुल 21 पौधे रोपे गए। पौधरोपण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अंजना बृजेश बंसल, तहसीलदार नरेश शर्मा, बीएमओ डॉ. एस. आर. मिश्रा, थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह, भाजपा नेता बृजेश बंसल, पार्षद दरोगा खान, कल्लू कुशवाह, गजेंद्र सिंह तोमर, नगर परिषद कर्मी रामसिया साकेत, अमृतलाल कुशवाह, आरक्षक विष्णु जाट, शाकिर पठान, महेश यादव सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रहे है।

**कार्यालय, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**
क्रमांक-1914..मुरैना
दिनांक-25/07/2025
**सार्वजनिक सूचना**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रमांक एलआईजी द्वितीय 510 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्रीमती ओमवती सविता पत्नी श्री धर्मेन्द्र सविता को आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन क्रं. एलआईजी द्वितीय 510 को श्रीमती धनेश्वरी शर्मा पत्नी श्री सुभाष कुमार शर्मा के नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.
**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**

**कार्यालय, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**
क्रमांक-1885...मुरैना
दिनांक-22/07/2025
**सार्वजनिक सूचना**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रमांक एमआईजी द्वितीय 1080 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्रीमती दिलशाद अख्तर पत्नी श्री सिराज उल हक के नाम से इंद्राज है, इनके द्वारा उक्त भवन एमआईजी द्वितीय 1080 को श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री खूबीराम सिंह के नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.
**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**

**कार्यालय, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**
क्रमांक-1883..मुरैना
दिनांक-22/07/2025
**सार्वजनिक सूचना**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रमांक एलआईजी प्रथम 273 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्रीमती राधा देवी पत्नी श्री राकेश सिंह सिकरवार को आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन क्रं. एलआईजी प्रथम 273 को श्रीमती मधु पत्नी श्री रविन्द्र के नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.
**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**

**आम सूचना**
श्रीमती शांति देवी पत्नी चंटोली के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित भगत सिंह वार्ड, काशीबाबा कॉलोनी, प्रेमनगर के पास, ग्राम जौराखुर्द, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.47 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1786मिन-2 ग्राम जौराखुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1360 वर्गफुट है और उक्त सम्पत्ति की चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैं:- पूर्व- रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम-सम्पत्ति विक्रेता, उत्तर-भूमि जीवाराम एवं दक्षिण-सम्पत्ति विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री राममोहन पुत्र श्री रामनारायण, किशनदेई, राजेश्वरी एवं पिंकी पुत्रियां श्री रामनारायण के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती पिंकी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री चंटोली को क्र. एमपी25792021ए 1448425 दिनांक 17.06.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती शांति देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।
**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फेडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**